ओडीएफ मुक्त शहर के लिए वार्ड कमेटी गठित

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : खुले में शौच जाने की प्रवृत्ति पर ब्रेक लगाने और शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए पालिका प्रशासन वार्डवार 10 सदस्यों की कमेटी का गठन करेगी। जिससे कि वह मंशा पर खरा उतर सके। खुले में शौच करने जाने वालों को हिदायत देने के लिए सीटी बजाकर रोका जाएगा। प्रवृत्ति न छोड़ पाने पर हर बार पकड़े जाने पर 100 रुपया जुमनि के देनदार होंगे।

केंद्र सरकार की योजना और राज्य सरकार के निर्देश पर चलाई जा रही स्वच्छ भारत योजना और शौचालय योजना को धरातल पर सौ फीसद लागू करने के मूड में पालिका दिखाई दे रही है।

दिल्ली में हुई पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली बैठक में यह साफ कर दिया गया है। दोनों योजनाओं में अच्छा काम करने वालों को सौगात स्वरूप योजनाएं दी जाएंगी। फिलहाल पालिका प्रशासन ने

- पालिका के कर्मियों के साथ गणमान्यों के नाम होंगे शामिल

शहर को मार्च माह तक ओडीएफ (खुले में शौच) मुक्त करने तथा स्वच्छता पर जोर दे रही है।

पालिका की अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि इसके लिए वार्ड कमेटियां बनाई जाएंगी। इससे पालिका को मिलाकर 10 लोग शामिल होंगे।

जो स्वच्छता जागरुकता अभियान में हिस्सा बनेंगे एवं जिन घरों में शौचालय नहीं है उन्हें योजना से जोड़ने का काम में मदद करेंगे।